# मुख्य विकास अधिकारी, कासगंज के कक्ष में दिनांक 18.06.2021 को आयोजित जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक का कार्यवृत्त

आज दिनांक 18.06.2021 को मुख्य विकास अधिकारी महोदय के कक्ष में जल जीवन मिशन के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई, जिसमे निम्नलिखित सदस्यों द्वारा भाग लिया गया :—

1. श्री डी.के.सिहं अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, कासगंज।
2. श्री दिव्यांशु कुमार सिहं, सहायक अभियन्ता, जल निगम, कासगंज।
3. श्री विपिन कुमार, सहायक अभियन्ता, जल निगम, कासगंज।
4. श्री ज्ञान सिहं, सहायक अभियन्ता, जल निगम, कासगंज।
5. श्री खुर्शीद आलम, जू0इं0, जल निगम, कासगंज।
6. श्री रविन्द्र पाण्डेय, आयन एक्सचेन्स संस्था।
7. श्री रौनक अली, थर्ड पार्टी इन्सपेक्शन।
8. श्री अनुराग कुमार, द्वारिका प्रसाद जन जागरण समिति, बिलराम गेट कासगंज।
9. श्री रिंकू शर्मा, जनहितकारी सेवा समिति, रामनगर कालोनी, अलीगढ।

समिति की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, कासगंज द्वारा निम्न बिन्दुओ की समीक्षा की तथा आवश्यक निर्देश दिये।

**बिन्दु सं0 1—** जनपद कासगंज के 32 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं में से 09 पेयजल योजनाओं के पुनर्गठन हेतु शासन द्वारा नामित फर्म आयन एक्सचेन्ज के कार्यो की प्रगति की समीक्षा की गई। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि 09 पेयजल योजनाओं में से 06 नग पेयजल योजनाओं के प्राक्कलन जल निगम विभाग के कार्यालय में उपलब्ध कराये गये थे, जिनकी जॉच विभाग के अभियन्ताओं द्वारा करने के उपरान्त प्राप्त त्रुटियो को सही कर संशोधित डी.पी.आर. शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये गये है। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि संशोधित डी.पी.आर. दिनॉक 22—06—2021 तक जल निगम कार्यालय में उपलब्ध करा दी जायेगी। फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल योजनाओं हेतु वॉटर सैम्पल हैण्डपम्प से लिये गये थे, जिसमें कुछेक पैरामीटर मानक से अधिक है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि कार्य प्रारम्भ होने पर नलकूप की बोरिंग के उपरान्त उसे से प्राप्त वॉटर सैम्पल की जॉच में अगर पैरामीटर मानक से अधिक आते है, तभी वॉटर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का प्राविधान किया जाये।

**बिन्दु सं0 2—** अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद कासगंज में पूर्व से अधिष्ठापित 32 ग्रामीण पेयजल योजनाओं के अतिरिक्त अन्य सभी 391 ग्राम पंचायतों की पेयजल योजना के कियान्वयन हेतु चयनित पी.एन.सी. फर्म द्वारा 06 परियोजनाओं की संशोधित डी.पी.आर. दिनॉक 18—06—2021 को जल निगम कार्यालय में उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया है। निर्देश दिये गये की फर्म द्वारा डी.पी.आर. उपलब्ध कराने पर उसकी विभागीय जॉचोपरान्त स्कूटनी हेतु गठित

letter

जिला समिति के समक्ष उपलब्ध कराई जाये, जिससे राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की आगामी प्रस्तावित बैठक में सम्बन्धित डी.पी.आर. को प्रस्तुत किया जा सके।

**बिन्दु सं0 3–** जनपद कासगंज हेतु चयनित इम्पलीमेन्टेशन सपोर्ट एजेन्सी कार्य हेतु 02 नग संस्था क्रमशः द्वारिका प्रसाद जन जागरण समिति, बिलराम गेट कासगंज एवं जनहितकारी सेवा समिति, रामनगर कालोनी, अलीगढ के कार्यो की समीक्षा की गई। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि एजेन्सियों को जल निगम द्वारा क्रियान्वयन कराये जा रहे 23 नग रेट्रोफिटिंग योजनाओं के हाउस कनेक्शनों की लक्षित प्रगति प्राप्त करने हेतु ग्रामवासियों को मोटिवेट करने हेतु निर्देश दिये गये है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि I.S.A. के साथ अनुबन्ध की कार्यवाही सम्पन्न नहीं हुई है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा I.S.A. को निर्देश दिये गये कि शत–प्रतिशत हाउस कनेक्शन कराने हेतु हर सम्भव प्रयास किये जाये। साथ ही अनुबन्ध की कार्यवाही एक सप्ताह के अन्दर पूर्ण करने हेतु भी निर्देशित किया गया है।

**बिन्दु सं0 4–** अधिशासी अभियन्ता, जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्तमान में क्रियान्वित कराये जा रहे योजनाओं एवं प्रस्तावित समस्त योजनाओं की Quality Control हेतु राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा जनपद कासगंज हेतु मै0 आरवी एसोशियेट को थर्ड पार्टी एजेन्सी के रूप में चयनित किया गया है। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिये गये कि थर्ड पार्टी द्वारा समय–समय पर की जानी जाने वाले कार्यो की Quality Inspection Report जल निगम कार्यालय के अतिरिक्त जिला समिति को भी उपलब्ध कराई जाये।

**बिन्दु सं0 5–** मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये है, कि जल जीवन मिशन की बैठक प्रत्येक सप्ताह शुक्रवार को प्रातः 11:00 बजे आयोजित की जायेगी।

अन्त में बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

(तेज प्रताप मिश्रा)
मुख्य विकास अधिकारी
19/6/2021

दिनॉक

पत्रांक
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, कासगंज।
2. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0 प्र0 जल निगम, कासगंज।

मुख्य विकास अधिकारी
19/6/2021

letter